## खबर संक्षेप

### एक्सपायरी दवाइयाँ जब्त, मेडिकल स्टोर सील



**मण्डला।** ग्राम हिरदेनगर स्थित योगेश मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण राजस्व विभाग एवं औषधि विभाग की टीम द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकान में एक्सपायरी डेट की दवाइयाँ पाई गईं। प्रशासन द्वारा तत्काल प्रभाव से उचित कार्रवाई करते हुए एक्सपायरी दवाओं को जब्त कर मेडिकल स्टोर को सील किया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार श्री रामसिंह उलाड़ी एवं बीएमओ श्री उईके उपस्थित थे।

### मिट्टी के निर्मित सजावटी उत्पादों पर कर वसूली नहीं होगी

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार दीपावली पर्व के अवसर पर जिला मण्डला के माटीशिल्पियों द्वारा निर्मित मिट्टी की मूर्तियाँ, खिलौने, दीपक, मटका तथा मिट्टी के निर्मित सजावटी सामान/उत्पादों पर किसी भी प्रकार का कर वसूली या शुल्क नहीं लिया जायेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले हाट बाजारों में उचित स्थान निःशुल्क उपलब्ध कराया जावे ताकि जिले के माटीशिल्पियों को प्रोत्साहन मिल सके। आदेश की अवहेलना करते पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## हिन्दू समाज संगठित होगा तो देश पुनः अपनी प्रतिष्ठा प्राप्त करेगा

# शताब्दी वर्ष पर संघ का पथ संचलन

*** नगरवासियों ने फूल बरसाकर किया स्वयं सेवकों का अभिनंदन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला






राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर संघ के छह प्रमुख उत्सवों में से एक विजयादशमी उत्सव का आयोजन सोमवार को मंडला नगर के अष्टविनायक लॉन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक शस्त्र पूजन के साथ हुई।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता मध्य क्षेत्र के सह क्षेत्र प्रचारक श्री प्रेमशंकर सिदार ने शस्त्र पूजन के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा "जैसे भगवान श्रीराम ने रावण से युद्ध के पूर्व शक्ति की आराधना कर बुराइयों पर विजय प्राप्त की थी, वैसे ही समाज के लोगों को भी बुराइयों पर विजय पाने के लिए अपनी शक्ति का संवर्धन करना चाहिए।" उन्होंने आगे कहा कि भारत हिन्दू भूमि है, यह धरती हमारी माता है और इसे पूजने की परंपरा केवल भारत में ही है। श्री सिदार ने कहा कि हिन्दू समाज यदि संगठित होगा, तो पुनः अपनी खोई प्रतिष्ठा प्राप्त करेगा। उन्होंने जोर दिया कि जिस देश में लोकशक्ति और सज्जनशक्ति का जागरण होता है, वही देश वास्तविक विकास करता है और सरकार पर निर्भर नहीं रहता।

प्रेमशंकर सिदार ने अपने उद्बोधन में जीवनी शक्ति के जागरण की बात कही। उन्होंने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय ने इसे 'चिति' कहा और स्वामी विवेकानंद ने 'धर्म'। जब यह जीवनी शक्ति जागृत होती है, तब समाज अपनी बुराइयों को स्वयं सुधारने लगता है। उन्होंने पन्ना धाय, गुरु गोविंद सिंह, महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन उदाहरणों को प्रेरणा स्रोत बताया।

मुख्य वक्ता ने संघ के इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि देश विभाजन के समय स्वयंसेवकों ने निःस्वार्थ भाव से सेवा की और बलिदान दिया। संघ पर प्रतिबंध के समय सरसंघचालक सहित लगभग 73,000 स्वयंसेवक जेल में बंद किए गए, लेकिन संघ ने कभी सेवा और राष्ट्रकार्य से विमुखता नहीं दिखाई।

उन्होंने कहा कि संघ के 100 वर्षों की यात्रा समाज समरसता और संगठन का प्रतीक है। अब समय है कि समाज संघ के साथ चलकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाए। सिदार ने संयुक्त परिवार प्रणाली, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी अपनाने और कानून पालन में नागरिकों की स्वप्रेरणा को समय की आवश्यकता बताया। उन्होंने कहा कि "शताब्दी वर्ष केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि समाज की सज्जन शक्ति को संघ के साथ भारत के विकास में लगाने का समय है। अनुशासन में ही समाज की प्रगति निहित है।"

कार्यक्रम में मंचासीन मुख्य अतिथि के रूप में किशोर काल्पिवार, तथा जिला और नगर संघचालक उपस्थित रहे।

मुख्य वक्ता के उद्बोधन के उपरांत गणवेशधारी स्वयंसेवकों ने नगर के प्रमुख मार्गों से अनुशासित और लयबद्ध पथ संचलन किया। संचलन के दौरान नगरवासियों ने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। जयघोष से सम्पूर्ण नगर राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गया।





## ग्राम झालपानी, मोहनिया पटपरा, पटपर सिंगारपुर एवं हरदुआ में विधिक जागरुकता शिविर सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डला द्वारा ग्राम झालपानी, मोहनिया पटपरा, पटपर सिंगारपुर एवं हरदुआ में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती दीपिका तारन, पैरालीगल वालेंटियर श्रीमती रागिनी हरदहा एवं सरपंच ग्राम पंचायत व ग्रामवासियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती दीपिका तारन ने श्रमिकों के विरूद्ध अपराध प्रकोष्ठ योजना, महिला एवं बाल संरक्षण इकाई योजना, नालसा तस्करी और वाणिज्य यौन शोषण पीड़ितों को विधिक सेवाएं योजना, नालसा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को विधिक सेवाएं योजना के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली एवं मौलिक अधिकारों की विशेषताएँ, मोबाईल फोन के उपयोग एवं उसके दुरूपयोग, निःशुल्क विधिक सहायता का अधिकार, विधिक सहायता एवं सलाह योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को समान रूप से न्याय प्राप्त करने का अधिकार है। कोई भी व्यक्ति अपनी गरीबी, अशिक्षा या अज्ञानता के कारण न्याय पाने से वंचित न रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता योजना के अन्तर्गत पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है।

13 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे प्रकरण जो कि समझौते माध्यम से निराकृत किये जा सकते हैं, उन सभी मामलों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से किया जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डला आमजनों से उक्त लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों को निराकृत कर नेशनल लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील करता है। लोक अदालत के संबंध में अधिक जानकारी विधिक सहायता टोल फ्री नंबर 15100 पर निःशुल्क प्राप्त की जा सकती है।

## त्योहारों के मद्देनज़र पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने दिए गए निर्देश



**मण्डला।** आगामी त्यौहारों को देखते हुए आज जिले में बढ़ने वाले यातायात दबाव और आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा द्वारा यातायात व्यवस्था का निरीक्षण कर दुरुस्त रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक मंडला ने मुख्य मार्गों, बाजार क्षेत्रों तथा भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर यातायात व्यवस्था सुदृढ़ रखने, किसी प्रकार की अव्यवस्था या जाम की स्थिति न बनने देने हेतु अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, ट्रैफिक पॉइंट्स बढ़ाने, पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने और वैकल्पिक मार्ग हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही, दोपहिया चालकों को हेलमेट पहनने, चारपहिया चालकों को सीट बेल्ट लगाने तथा नशे में वाहन न चलाने के प्रति सतर्क किया गया है ताकि त्योहारों का माहौल शांतिपूर्ण एवं सुचारू बना रहे।

## चुटका परमाणु विद्युत परियोजना की समीक्षा बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में चुटका परमाणु विद्युत परियोजना के क्रियान्वयन की प्रगति के संबंध में समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देशित किया कि संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए परियोजना के कार्यों को गति प्रदान करें। कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में संपन्न हुई इस बैठक में एसडीएम निवास श्री सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमति क्षमा सराफ, चुटका परमाणु विद्युत परियोजना के अधिकारी सहित संबंधित उपस्थित थे।

कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि सर्वे कार्य को समय पर पूर्ण करें। उन्होंने निर्देशित किया कि दोहरे विस्थापन के अंतर्गत प्राप्त दावा आपत्ति के प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने टाटीघाट के 70 परिवारों का अतिरिक्त भू-अर्जन नवीन अवार्ड, विस्थापित परिवारों का मुआवजा राशि प्रदाय, दावों का निराकरण, मुआवजा फॉर्म भरा जाना, विस्थापित परिवारों के लिए अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु पूरक अवार्ड, पुर्नवास कॉलोनी गोंझी में परिवारों की शिफ्टिंग, शिफ्टिंग कर चैक प्रदाय करने, सीसी रोड निर्माण के अंतर्गत मानेगांव का अवार्ड, वन अधिकार पत्र धारकों का सत्यापन और मुआवजा अवार्ड सहित अन्य बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

## कुंडा में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज




जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुंडा में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया जिसमें महिला समूह है ने बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं गांव को नशा मुक्त करने के लिए संकल्प संकल्प लिया गया विगत दिनों से नशा मुक्ति अभियान हर ग्राम पंचायत में चलाया जा रहा है जिसमें महिला समूह के द्वारा गांव में बैठक कर नशा एवं मादक पदार्थों की जो गांव में बिक्री होती है उसे बंद करने के लिए इस अभियान में भाग लिया गया नशा से युवा पीढ़ियां का भविष्य अंधकार में हो रहा है बच्चों से लेकर बूढ़े तक नशीले पदार्थ का सेवन कर बुरी आदतों की लत लग रही है तंबाकू गुटखा गांजा भांग शराब आदि का नव युवा पीढ़ी उपयोग कर रही है जिससे आए दिन घरों में झगड़े होते हैं इस अभियान में ग्राम पंचायत कुंडा की समूह की सभी महिलाएं एवं ग्राम पंचायत कुंडा के सरपंच मोतीलाल मार्को सचिन देवेंद्र श्रीवास्तव एवं पंचायत के सभी मेंबर एवं महिला सरपंच की उपस्थिति सरायनी रही और गांव में नशा मुक्ति के लिए रैलियां निकाली जा रही हैं।

**बैठक** | **पटाखों की अवैध बिक्री और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाये।**

# टीएल बैठक में स्वास्थ्य और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर जोर

*** नहीं हुआ टीकाकरण का आशा अनुरूप कवरेज।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी संयुक्त दल बनाकर संबंधित क्षेत्र में लगायी जाने वाली पटाखा दुकानों का निरीक्षण नियमित रूप से करें। ताकि पटाखों की अवैध बिक्री और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा सके। यह निर्देश सोमवार को जिला योजना भवन में आयोजित टीएल बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि दवा दुकानों का नियमित एवं औचक निरीक्षण करें। यह कदम अवैध और नकली दवाओं की बिक्री रोकने, नागरिकों को सुरक्षित दवा उपलब्ध कराने और स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि निरीक्षण में लापरवाही न हो और सभी मानक एवं नियमों का पालन किया जाए। दीपावली के अवसर पर जिले में संचालित स्वास्थ्य संस्थाओं में बर्न वार्ड (जलने के मामलों के लिए) तैयार रखने और आपातकालीन स्थिति में तत्काल उपयोग के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश सीएमएचओ को बैठक में दिए।



कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण करे ताकि खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन हो। चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से दूध, मिठाईयों, तेल एवं अन्य खाद्य पदार्थों के नमूनों की जांच की जाए। जिले में चल रहे राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की प्रगति की समीक्षा में पाया कि अभियान के तहत सभी 0-5 साल के बच्चों तक टीकाकरण कवरेज आशा अनुरूप नहीं हुआ है इसे बढ़ाने की आवश्यकता है। समस्त बीएमओ अपने क्षेत्र में 14 अक्टूबर तक टीकाकरण में प्रगति लाएं।

कलेक्ट्रेट के समीप आनंदम स्थल दुआओं का घर में जरूरतमंदों की सहायता के लिए अनुपयोगी सामान जैसे- कपड़े, जूते, चप्पल आदि दान स्वरूप देने की अपील की है। उन्होंने नागरिकों से कहा कि घर में रखे ऐसे सामान जो अब उनके उपयोग में नहीं आ रहे हैं, यहां दे सकते हैं। बैठक में सीएम हेल्पलाईन की लम्बित शिकायतें, आगामी समाधान ऑनलाईन के चयनित विषयों, सीएम एवं सीएस मॉनिट की लम्बित शिकायतों, समग्र ई-केवाईसी की प्रगति, उपार्जन कार्य, भावांतर भुगतान योजना, उच्च न्यायालय में लम्बित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री शाश्वत सिंह मीना, समस्त एसडीएम, जिला अधिकारी मौजूद थे। ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक से जुड़े रहे।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित, सुरक्षा सुधार पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिले में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, जिला पंचायत सीईओ श्री शाश्वत सिंह मीना, एडिशनल एसपी श्री शिवकुमार वर्मा, समस्त एसडीएम, आरटीओ श्री बिमलेश कुमार गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में यातायात नियमों के पालन, सड़क चिन्हों की स्थिति, दुर्घटनारोधी उपाय और जागरूकता कार्यक्रमों पर चर्चा की गई।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएँ। इसके अलावा, लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान चलाने पर भी जोर दिया जाए। चिन्हित किए गए 10 ब्लेक स्पॉट पर सुधारात्मक कार्यवाही करने, स्कूल बसों एवं यात्री बसों की जांच, वाहनों का फिटनेस और परमिट चैक किया जाए। भारी वाहनों का आवागमन के लिए समय निर्धारित किया जाए। सड़कों के घुमावदार मोड़ पर संकेतक, रिफलेक्टर, मुख्य सड़क मार्ग के आसपास झाड़ी आदि की छटनी सुनिश्चित करें। चेतावनी बोर्डों की स्थिति की नियमित समीक्षा तथा खराब सड़कों की तुरंत मरम्मत कराई जाए। परिवहन विभाग बिना हेलमेट और ओवरस्पीड वाहनों के खिलाफ सतत कार्यवाही करें। बैठक में हिट एण्ड रन के प्रकरण, कैशलेस स्कीम की एसओपी, घायलों को अस्पताल पहुंचाने पर मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई।



## खबर संक्षेप

### राम नाम संग्रहालय समिति द्वारा नगर की दुर्गा उत्सव समितियां का किया सम्मान



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर में बीते हुये कई सालों से राम नाम संग्रहालय समिति के द्वारा शहर की नवदुर्गा उत्सव समितियों का सम्मान किया जाता है। इसी के चलते इस वर्ष भी राम नाम संग्रहालय समिति के द्वारा नगर के रामलीला मैदान पुरानी गल्ला मंडी क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह की मौजूगदी में नगर की नव दुर्गा समितियो का सम्मान किया है। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा के आलवा पूर्व विधायक श्रीमति साधना स्थापक, नरेश पाठक, समाज सेवी विनीत महेश्वरी मंचाशीन अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस मौके पर समिति के लिये शिक्षा मंत्री द्वारा 2लाख पचास हजार की घोषणा गई तो विनीत महेश्वरी द्वारा 51 हजार रुपए प्रति वर्ष देने का भरोषा दिया गया।

### पैसे के लालच में सर से महिलाएं ले रही ईमानदारी की सौगंध, निजी फाइनेंस कंपनी का गांव गांव फैल रहा है गोरखधंधा...

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** कुछ दिनों तक रोक लगने के बाद अब फिर क्षेत्र के गॉवों मे ऐसी निजी फाइनेंस कम्पनियों से जुड़े हाईटेक युवकों की रेडी उतर आयी है जो छोटे धंधों की शुरूआत के लिए ग्रामीण महिलाओं को ऋण देने का भरोसा देकर अपने प्रलोभन के जाल मे गॉवों की भोली भाली अशिक्षित महिलाओं को फॅसाकर बड़े मीठे अंदाज मे उनका आर्थिक शोषण कर रहे है? हासिल जानकारी के अनुसार क्षेत्र के आस पास अनेक गांवों मे लम्बे समय से एक तथा कथित फाइनेंस कम्पनी से संबंधित कुछ युवक गॉव की महिलाओं को आत्म निर्भरता का पाठ सिखाते हुए उन्हे ठगने की लगातार कोशिश कर रहे है? ज्ञात हुआ है कि उक्त कंपनी की तरफ से पति पत्नी की साथ फोटो प्रस्तुत करने पर महिलाओं को रोजगार शुरू करने के लिए 8 से लेकर 15 हजार रू. तक का लोन दिया जाता है तथा ऋण लेने वाली ग्रामीण महिला से हर हप्ते 20 रू. से लेकर 50 रूपया तक बीमा की राशि वसूल की जाती है।

### निर्मल ग्रामों के नाम पर हो रही शासन की राशि बर्बाद, कमीशन की आड़ में प्रशासन आंखें हुई बंद

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** देश को विकास और समृद्धि की ओर अग्रसर करने के लिए केन्द्र हो या प्रदेश सरकार गांव को साफ सुधरा और हरा भरा बनाने की कवायद में है और इसके लिए शासन प्रशासन निर्मल ग्राम बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। इसके लिए समय समय पर गांव को चयानित कर वहां पर लाखो करोड़ो रूपये की राशि खर्च की जा रही है, जिसमें गांव के प्रत्येक परिवारो के घरो में शौचालय बनाये गये है। मगर उन शौचालयों की सच्चाई शायद ही किसी से छिपी हो क्योंकि शासन की राशि से बने हुए शौचालय यदि अपना एक जन्म दिन मना ले तो बहुत बड़ी बात समझी जावेगी? वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि गांव में पक्की नालियां सड़क और कुडादान व जल स्त्रोतो को साफ सुधरा बनाया जाना है और इसकी देख रेख के लिए जिला स्तर पर हर ब्लाक में अलग से कर्मचारी भी नियुक्त किये गये है। जिन्हे वेतन के रूप में मोटी रकम और भ्रमण करने के लिए वाहन उपलब्ध कराये गये है। लेकिन ये अधिकारी कर्मचारी अपनी आफिसो में बैठे बैठे ही योजना का संचालन कर रहे है और इसका परिणाम यह देखने में आ रहा है कि गांव में बनायी गई सड़के एक दो वर्षो में ही पूरी तरह उखड़ चुकी है, बनाये गये शौचालय कचरो एवं कूडादानो में तब्दील हो गयी है? कचरा घर टूट गये है, जल स्त्रोतो के समीप हरी घासे एवं दल दल निर्मित हो गयी है। मगर इसके बाबजूद शासन द्वारा इन निर्मल ग्रामो को पुरूस्कार द्वारा नवाजा गया था, जिसमें लाखो रूपये की इनाम राशि को भी सरपंच सचिवो ने डकार ली गई है..?

# रंगारंग कार्यक्रमों के बीच शुभारंभ हुई नगर में 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय व्हालीबॉल प्रतियोगिता

## शहर में लगातार दूसरी साल खेलों का महाकुंभ लगना बड़े ही गौरव की बात-मिश्रा












**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

लगातार दूसरे वर्ष जिस तरह से शिक्षा विभाग द्वारा राज्य एवं राष्ट्रीय के खेलों के आयोजन को लेकर शासन द्वारा गाडरवारा शहर का चुनाव किया गया है यह बड़े ही गौरव की बात है। क्योंकि क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के प्रयासों के चलते अब गाडरवारा शहर का नाम प्रदेश के साथ साथ देश के नक्से में भी अपनी एक अलग पहचान बनाते हुये दिखाई देने लगा है। इस तरह नगर के पुराने कॉलेज खेल मैदान पर 69 वी राज्य स्तरीय शालेय व्हालीबॉल प्रतियोगिता 19 वर्ष आयु बालक/बालिका वर्ग का भव्य शुभारंभ सोमवार को रंगारंग कार्यक्रमों के बीच किया गया। ज्ञात हो कि प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंह के प्रयासों से लगातार दूसरे साल 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर के बीच हो रहे इस भव्य आयोजन में प्रदेश के रीवा, शहडोल, जबलपुर, सागर, भोपाल, उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर, इंदौर संभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग की बालक/बालिका वर्ग की टीमे उनके कोच के साथ सहभागिता कर रहे है। जब यह टीमों को बीते हुये दिवस नगर में आगमन हुआ तो जनप्रतिनिधियों सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा सभी अतिथि टीमों का भव्य स्वागत किया गया। वही 69 वी राज्य स्तरीय शालेय व्हालीबॉल प्रतियोगिता शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती पूजन से किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में प्रतिवेदन वाचन जिला शिक्षा अधिकारी नेमा ने करते हुए आयोजन से सबंधित जानकारी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में मार्च पास्ट में नगर के केएम स्कूल व अन्य दलों ने किया गया। आयोजन के शुभारंभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शासकीय कन्या उ मा विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना नृत्य तथा शासकीय हाईस्कूल सीरेगांव के विद्यार्थियों ने कालबेलिया नृत्य तो अनुसूचित जाति छात्रावास के विद्यार्थियों ने क्रीड़ा आधारित नृत्य की शानदार प्रस्तुति देते हुये सभी को मग्न मुग्ध कर दिया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने संबांधित करते हुये कहा कि पिछले वर्ष नगर में राज्य एवं राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह के प्रयासों से सफलता पूर्वक हुआ था। इस वर्ष भी नगर में राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय व्हालीबॉल प्रतियोगिता आयोजित हो रही है जो कि प्रसन्नता का विषय होने के साथ हमारे नगर के लिये गौरव बढ़ाने वाली सौगात है। अभी यह राज्य स्तरीय कार्यक्रम में अगले माह राष्ट्रीय स्तर का आयोजन होगा जिसमें देश के कोने कोने से टीमे हमारे नगर में शामिल होने के लिये पहुंचेगी। क्योंकि हमारे नगर में अतिथि के रूप में आ रहे स्कूली बच्चें निश्चित तौर से भगवान के समान है इनके स्वागत में हम लोगों का प्रयास रहेगा किसी भी प्रकार से कोई कमी न रह पाये। इन आयोजनों के माध्यम से हमारे नगर का नाम प्रदेश के साथ साथ अब देश के नक्सें में भी अपनी अलग पहचान बनाने से नही चूकेगा। वही कार्यक्रम के अतिथि पूर्व विधायक श्रीमती साधना स्थापक ने कहा कि खेल प्रतियोगिता में अनुशासन एवं खेल भावना का होना बेहद जरुरी है। क्योंकि यही गुण खेल एवं खिलाड़ियों को बेहतर बनाते है। इस दौरान पूर्व विधायक नरेश पाठक तथा भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मिनेन्द्र डागा ने भी सम्बोधित करते हुए कहा कि किसी भी खेल में हार जीत होना तो निश्चित रहता है। मगर हारने वाली टीम को निराश होने की जगह खेल के दौरान उन कमियों पर गौर करने की जरूरत रहती है जिनके वह टीम हारती है। जब दूसरी बार उन कमियों को दूर करते हुये मैदान पर उतरती है तो वह विजेता बनने में पीछे नही रहती है। यही किसी भी टीम के खेल भावना व जीत का आधार बनती है। इस मौके पर कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष व आयोजन के मुख्य अतिथि शिवाकांत मिश्रा ने ध्वजारोहण करते हुए घोषणा के साथ करते हुये सभी खिलाड़ियों को निष्ठा व खेल भावना के साथ खेलने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का मंच संचालन दीपक अग्निहोत्री, मनीष शंकर तिवारी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता शुभारंभ के मौके पर अतिथियों के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता ठाकुर, पूर्व नपा अध्यक्ष राजेन्द्र साहू, ममता पांडे, मोहरकांत पटैल, राव संदीप सिंह, मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा, ठा भूपेंद्र सिंह, घनश्याम राजपूत, विकास जैन,सुरेश श्रीवास्तव, आनंद दुबे, शुभम राजपूत, रीतेश राय, पूजा तिवारी,लखन पटैल, राधावल्लभ काबरा, गोविंद अग्रवाल, गोविंद वर्मा, मनोज राय, प्रवेश राय, विमल राजपूत सहित प्रशासनिक अधिकारियो में जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र सिँह नागेश, गाडरवारा अनुविभागीय अधिकारी कलावती ब्यारे, तहसीलदार प्रियंका नेताम, डीपीसी मनीष चौकसे सहित गणमान्य नागरिक, पत्रकार, शिक्षक एवं छात्र छात्राएँ सहित प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये आई हुई टीमे मौजूद थी।

# संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में निकला पथ संचलन के साथ की गई शस्त्र पूजा

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**






राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण होने पर बीते हुये दिवस नगर की झंडा चौक बस्ती के स्वयं सेवकों ने पथ संचलन निकाला गया। इस दौरान गणवेश धारण करते हुये स्वयं सेवकों बल्लभ भवन मार्केट के परिसर में एकत्रित होने के बाद नगर के मुख्य मार्ग का भ्रमण कर वापिस बल्लभ भवन पहुंचे। इस दौरान मंचीय कार्यक्रम में के मुख्य वक्ता डॉ प्रहलाद पटेल विभाग कार्यवाह जबलपुर एवं सिद्धार्थ जैन नगर कार्यवाह द्वारा सर्व प्रथम शस्त्र पूजन किया गया। उसके उपरांत मुख्य वक्ता डॉ प्रहलाद पटेल ने अपने संबोधन में बताया कि किन परिस्थितियों में आज से 100 वर्ष पूर्व अश्विन शुक्ल दशमी 27 सितंबर 1925 को मोहते के बाड़े नागपुर में प पूज्य डॉ हेडगेवारी ने संघ कार्य प्रारंभ किया गया था। उस दौरान देश गुलाम था तथा हिंदुओ में निराशा थी। क्रांतिकारियों के दल और राजनैतिक दल के नेतृत्व के साथ मिलकर डॉ साहब देश की आजादी के संघर्ष में लगे थे और अनेक बार जेल की सजा काटकर लौटे। भारत आगे कभी किसी का गुलाम न हो और आजादी जल्द से जल्द प्राप्त हो इसलिए जिम्मेदार राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत राष्ट्र प्रथम मानकर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को तैयार करने संघ की शाखा प्रारंभ की गई थी। शुरुआत में कुछ लोगो ने उपेक्षा की तथा सत्ता में बैठे लोगो ने संघ पर झूठे आरोप लगाकर प्रतिबंध लगाकर कुचलने का प्रयास किया। परंतु सभी स्वयंसेवक निस्वार्थ भाव से समाज ने जैसा रखा स्वीकार कर अपने ध्येय में लगे रहे। अनेक युद्ध कश्मीर पर कबाइली हमला, 1962,1965,1971 के युद्ध में सेना का सहयोग किया जिससे 1963 के 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर संघ की गणवेश में राजपथ पर नेहरू जी के आमंत्रण पर सहभागिता कर संचलन किया। वही राममंदिर का आंदोलन, धारा 370 समाप्त की देश में 150000 लाख से अधिक सेवा प्रकल्प के द्वारा समाज के वंचित वर्ग को सहयोग किया जा रहा है। आज समाज संघ पर श्रद्धा और विश्वास करता है। इस प्रकार स्वतंत्रता का 75 वर्ष पर देश अमृत महोत्सव माना रहा है। दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। अब समाज को भी जिम्मेदार बनाना होगा। इसलिए समाज से पांच परिवर्तन को आचरण और व्यवहार में स्वीकार करना होगा। हम सभी को नागरिक कर्तव्य बोध अर्थात नियमो का पालन, स्वदेशी अर्थात स्वभाषा, स्वभूषा, स्वभवन, स्वभोजन, स्वभ्रमण, स्वभजन को अपनाना, कुटुंब प्रबोधन परिवार रचना को ठीक करना, पर्यावरण अर्थात पानी का सद उपयोग, वृक्षारोपण पेड़ पौधा लगाना और उनकी संभाल करना तथा सामाजिक समरसता का व्यवहार करना जाति के आधार पर भेदभाव समाप्त कर सभी संगठित होकर रहने की जरूरत है। यदि सभी भारतीय उपरोक्त पंच परिवर्तनों को अपने व्यवहार में लाए तो एक जिम्मेदार समाज बनेगा जिससे राष्ट्र मजबूत होगा, संघ शताब्दी वर्ष में अनेक कार्यक्रम करेगा जिसमे हमारी सबकी सहभागिता आवश्यक है, अंत में भारत माता की प्रार्थना के बाद कार्यक्रम समाप्त हुआ।


# अवैध शराब के साथ अंकों के कारोबार में दिखाई दे रही बढ़ोत्तरी, खाकी पर खड़े कर रही सवाल

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत गांव गांव चल रहे शराब के अवैध कारोबार के बीच अब जिस तरह अंकों के कारोबार में बढ़ोत्तरी होते हुये दिखाई दे रही है इसका परिणाम है कि इस अवैध कारोबार की चपेट में आने से अनेक युवाओं की जिन्दगी बर्बाद होने के साथ साथ अन्य प्रकार के अपराध जन्म लेते हुये देखे जा रहे है..? क्योंकि कोई भी अवैध कारोबार पेहरेदारों की मिली भगत के चलते संभव होना जहां मुश्किल हो जाता है। यदि उनकी रजामंदी रहती है तो उसे रोकने वाला कोई नही होता है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत सिहोरा के आलवा खुलरी, पुरगंवा, मनकवारा सहित बोहानी में जहां खुलेआम सट्टा पट्टी कटते हुये देखी जा रही है। वही दूसरी ओर यदि शराब के अवैध कारोबार की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो शायद ही क्षेत्र का कोई गांव शेष होगा जहां पर शराब किराना दुकान के भांति युवाओं को आसानी से उपलब्ध न हो पा रही हो..? वही दूसरी ओर इस क्षेत्र की पेहरेदारी की बागडोर जिस तरह एक ताराधारी अधिकारी के हाथों में सौपा जाना चर्चा का विषय बना हुआ है। जबकि देखा जावे तो पुलिस लाईन में अनेक निष्ठावान दो ताराधारी अधिकारी बैठते हुये आरोपियों को पैसी कराने के कार्य में लगे हुये देखे जा रहे है। मगर एक ताराधारी अधिकारी के जिम्मे बागडोर सौपना जिला स्तर के अधिकारियों की भूमिका पर सबाल खड़े करने से नही चूक रहा है..? कही ऐसा तो नही कि एक तारा के उजियारे में शेरछाप अधिकारी लक्ष्मी पूजन करने में मग्न हो चुके है..? खैर सच्चाई जो भी हो उसे तो भगवान ही जाने..। मगर सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत गांव गांव अवैध शराब के कारोबार के साथ अब अंको कारोबार में बढ़ोत्तरी होने के नजारे खाकी पर सबाल खड़े करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है...?



# मिठाई दुकानों की जांच करने के लिये अधिकारियों का सूचना देकर पहुंचना मिलावटखोरों के हौसलों को बना रहा बुलंद





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

निश्चित तौर जब हम लोग किसी मिठाई की दुकान पर पहुंचते हुये कांच के अंदर रखी हुई रंगी बिरंगी मिठाईयों को देखते हुये उन्हे खाने के लिये ललायित होने से नही चूकते है। इसी बात को मिठाई विक्रेताओं द्वारा किस तरह का फायदा उठाया जाता है इस सच्चाई किसी ने छिपी नही है..? क्योंकि नगर में बाहर यानि की दूसरे प्रांतों से आये हुये मिठाई विक्रेता दिनों दिन लखपति बनते हुये देखे जा रहे है और स्थानीय मिठाई विक्रेताओं की स्थिति जहां की तहां देखने मिल रही है...। वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो मिलावट खोरी करने वालों के खिलाफ शासन द्वारा सख्त कानून बनाये जाने के बाद भी जिस तरह इनके हौसले बुलंद नजर आ रहे है। वही निश्चित तौर से संबंधित विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली पर सबाल खड़े करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। यह बात जरूर है कि जिला कलेक्टर के निर्देशन में संबंधित विभाग द्वारा इन मिठाई दुकानों की जांच करने की औपचारिता निभाई जरूर जाती है। मगर जब किसी दुकानदार को सूचना देकर जांच करने के लिये पहुंचा जावेगा तो फिर मौके की सच्चाई किस तरह की मिल पायेगी इस बात की कल्पना आसानी से जा सकती है..? कुछ इसी प्रकार का हाल इस समय नगर में संचालित होने वाली मिठाई दुकानों पर देखने मिल रहा है। क्योंकि आने वाली दिवाली त्यौहार के चलते जहां नगर में मिठाई दुकाने सज चुकी है। मगर इनको तैयार किये जाने वाली सामग्री सहित खोबे की गुणवत्ता की जांच न होना इस बात की ओर संकेत देने से नही चूक पा रहा है कि संबंधित विभाग की कृपा दृषित के चलते यह आमलोगों की जिन्दगी के साथ खुलेआम खिलबाड करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा जिस तरह इन मिठाई प्रतिष्ठानों की जांच करते हुये वरिष्ठ अधिकारियों को गुमराह करने का खेल खेला जा रहा है। इस बात की सच्चाई दो दिन पहले जिला मुख्यालय से मिठाई दुकानों की जांच करने के लिये अधिकारियों की कार्य प्रणाली न पूर्णरूप से स्पष्ट कर दी गई है। बताया जाता है कि यह टीम नगर की पानी टंकी के पास एक मिठाई दुकान के सामने पहुंचे और चंद मिनिट खड़े होने के बाद दुकानदार व अधिकारियों के बीच ईशारे ही ईशारों में क्या चर्चा हुई यह तो स्पष्ट नही किया जा सकता है। मगर इसके बाद अपनी गाड़ी आगे की ओर अग्रसर कर देना चर्चा का विषय बनने के साथ साथ संबंधित विभाग के अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर सबाल खड़े करने से नही चूक रहा है..? यदि खाद्य विभाग के अधिकारियों का रवैया इसी प्रकार से बना रहा तो वह दिन दूर नही जब मिठाईयों की सच्चाई कप सिरिप के रूप में उभरकर सामने आने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है...?

# पंचायतों में पौधें के साथ प्लेटफार्म भी हो रहे हैं गायब हर वर्ष लाखों खर्च होने के बाद भी दर्शन नहीं दे रहे पेड़

**हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर।** राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना के तहत क्षेत्रवासियों की उम्मीद थी कि इस योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत मे लगाए जा रहे पेड़ों से क्षेत्र हरित जिले मे स्थान पा सकेगा। लेकिन आलम यह है कि लगाए गए पेड़ तों गायब ही है साथ ही उनके लिए बने प्लेट फार्म भी लगभग गायब होते जा रहे है। जिस कारण क्षेत्रवासियों का यह समना ग्राम पंचायतों के पिछली पंचवर्षीय सरपंच, सचिवों एवं योजना को लागू करने वाले अधिकारी एवं उपयांत्रियों की मनमानी की भेंट चढ़ने से नही चूक पाया है? जानकारी अनुसार क्षेत्र की अनेक ग्राम पंचायतों में वर्तमान समय तक बमुश्किल पचास प्रतिशत भी पेड़ सुरक्षित नही है अधिकतर ग्राम पंचायतों का हाल यह है कि लगभग सारे पेड़ सूख चुके है और उनके लिए बनाए गए प्लेट फार्म टूटकर विखरने लगे है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायतों मे ग्रामीणों को काम देने और हरियाली बढ़ानें के उद्देश्य से बड़ी संख्या मे पेड़ लगाए गए थे जिसके लिए करोड़ो रूपये का बजट खर्च किया गया है। इस योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत मे वृक्षारोपण, वृक्षों की सुरक्षा एवं सिंचाई पर लगभग लाखो रूपये की राशि खर्च की गई है। लेकिन इस खर्च का कोई मतलब नही दिखाई दे रहा है? बीते हुए वर्षो में इस योजना के अंतर्गत तहसील के लगभग प्रत्येक ग्राम पंचायतों मे पौधें लगाने के लिए राशि उपलब्ध कराई गई थी। लेकिन ट्री गार्ड के निर्माण कार्यो में अनेकों ग्राम पंचायतो मे अनियमितता बरती गई है? जिसका जीता जागता उदाहरण जनपद पंचायत चीचली, सांईखेड़ा व चांवरपाठा की अनेक ग्राम पंचायत में जाकर देखा जा सकता है। हैरत की बात तो यह है कि क्षेत्र के आला अधिकारी भी इस विषय की जानकारी रखते हुये भी इस ओर कड़े कदम उठाने की बजाय चुप्पी साधें हुये है। क्षेत्र मे जहां कही भी हरियाली महोत्सव के नाम राशि को खर्च किया गया है। वहां यह योजना दम तोड़ चुकी नजर आ रही है। काबिल गौर है कि रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरों को काम मुहैया कराने व विकास के उद्देश्य से यह योजना क्रियान्वित की गई थी। लेकिन जहां कही भी यह योजना हरियाली महोत्सव के नाम पर चलाई गई वहां परिणाम केवल कागजों मे सिमट कर रह गए है। वस्तु स्थिति कुछ अलग बयां कर रही है कि ट्री गार्ड तो निर्माण करवाये गए थें। लेकिन पौधे तैयार नही हो सके,क्षेत्र की अनेक ग्राम पंचायतों मे जाकर देखा जाए तो ट्री गार्ड के नाम पर इस राशि का बंदरवाट जमकर किया गया है? वही कुछ पंचायातों में तो ट्री गार्ड के नाम से राशि निकालकर पौधों के चारो ओर बेसर्म की बाड़ी लगा दी गई थी, जिससे पैसा की जगह बेसर्म तैयार हो गई है। पूर्व के पंचायती राज कार्यकाल के समय मे रहे सरपंच और सचिव तथा अधिकारियों की मिली भगत दिखाई दे रही है, इसके लिए समूचा प्रशासन तंत्र व ग्राम पंचायत के जन प्रतिनिधियों की अनियमितताएं खुले रूप मे उजागर हो रही है?















## खबर संक्षेप

### कोदो-कुटकी उत्पादन बढ़ाने किसानों के लिए पंजीयन शुरू, 24 अक्टूबर तक मिलेगा अवसर

**डिंडौरी।** जिले के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हुए कृषि विभाग ने कोदो-कुटकी की खेती को प्रोत्साहित करने हेतु पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ की है। किसान अब 24 अक्टूबर 2025 तक कोदो एवं कुटकी के उत्पादन हेतु पंजीयन कर सकते हैं। यह योजना प्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रही "मुख्यमंत्री कोदो-कुटकी प्रोत्साहन योजना" के अंतर्गत संचालित है। इस योजना के तहत किसानों को कोदो उत्पादन पर 2500 रूपए प्रति क्विंटल और कुटकी उत्पादन पर 3500 रूपए प्रति क्विंटल तक का प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। साथ ही प्रति क्विंटल 1000 रूपए की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि का भी प्रावधान किया गया है। किसान ई-उपज पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं या जिले के 27 पंजीयन केंद्रों में से किसी एक पर जाकर पंजीयन करवा सकते हैं। डिंडौरी जिले में पंजीयन हेतु निर्धारित प्रमुख 27 केंद्रों में - डिंडौरी, सरहरी, समनापुर, चांदरानी, गाड़ासरई, सुनपुरी, बजाग, बरगांव, शहपुरा, गोरखपुर, करंजिया, अमरपुर, भानपुर, कोकोमटा, बम्हनी, सक्का, राई, मेहंदवानी, कठौतिया, शाहपुर, मानिकपुर, बिछिया, पिपरिया, परसेल, आमाडोंगरी, चांदपुर और छांटा आदिम जाति सेवा सहकारी समितियाँ शामिल हैं। उप संचालक कृषि, डिंडौरी ने किसानों से अपील की है कि वे समय सीमा के भीतर पंजीयन कराकर शासन की इस लाभकारी योजना का अधिकतम लाभ उठाएँ।

### पुलिस की तत्परता से महिला का खोया हुआ थैला मिला वापस



**डिंडौरी।** ग्राम किसलपुरी निवासी सविता नामदेव पति नेमचंद नामदेव (उम्र 51 वर्ष) आज घबराई हुई अवस्था में थाना कोतवाली पहुंचीं और पुलिस को सूचना दी कि वे डिंडौरी से सोना-चांदी एवं अन्य सामान की खरीदारी कर ऑटो से घर जा रही थीं। इस दौरान ऑटो से उतरते समय उनका थैला, जिसमें सोना-चांदी के आभूषण, मोबाइल फोन और लगभग 28,000 रुपये मूल्य का अन्य सामान था, ऑटो में ही छूट गया। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद नागपुरे के निर्देशन में त्वरित कार्रवाई करते हुए डायल-112 की टीम को सक्रिय किया गया एवं यातायात प्रभारी सुभाष उइके के नेतृत्व में खोजबीन शुरू की गई।
यातायात टीम ने शहर के प्रमुख स्थानों पर सूचना प्रसारित कर संबंधित ऑटो की तलाश प्रारंभ की। आरक्षक कमलेश अहिरवार ने सूझबूझ और सतर्कता दिखाते हुए संबंधित ऑटो का पता लगाया। ऑटो में सवार एक अन्य महिला राधा चौहान ने बताया कि उन्होंने वह थैला सुरक्षित रखा हुआ है। पुलिस द्वारा संपर्क कर थैला बरामद किया गया और उसे सविता नामदेव को सकुशल सुपुर्द किया गया। महिला ने पुलिस की तत्परता, ईमानदारी और संवेदनशीलता के लिए हृदय से आभार प्रकट किया। इस कार्य को लेकर स्थानीय नागरिकों ने भी पुलिस की सराहना की है।

## शासन के दिशा निर्देशों को ठेंगा दिखा 15वें वित्त की राशि का बंदरबांट

# फर्जी बिलों के जरिए लाखों रुपए की हेराफेरी

अमरपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सक्का का मामला

डिंडौरी

जिले के सक्का ग्राम पंचायत में लंबे समय से शासन के दिशा निर्देशों को ठेंगा दिखाते हुए सचिव द्वारा मनमर्जी तरीके से फर्जी बिलों कका भुगतान करते हुए पंचायती खजाने को पलीता लगाई जा रही है, ग्राम पंचायतों के विकास के लिए शासन द्वारा 15वें वित्त एवं 5वें वित्त के तहत आवंटित राशि का बगैर कार्य योजना तय किए ही शासन के निर्देशों में गैर अनुमत्य कार्यों के नाम लाखों रुपए का भुगतान किए जाने का मामला सामने आया है। गौरतलब है कि स्थानीय अधिकारियों की राशि आवंटन के साथ ही गुणवत्ता और निगरानी की जवाबदेही तय हैं, इसके बावजूद निष्क्रिय तंत्र के चलते सरकारी सरपंच, सचिव पंचायत खजाने की बंदरबांट करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

### बगैर कार्ययोजना के मनमाने कार्यों में भुगतान

वर्ष 2021 में वार्षिक कार्ययोजना में प्रस्तावित 8 गतिविधियों में महज 5 कार्य प्रारंभ किए गए,2022 में प्रस्तावित 21 गतिविधियों में से एक भी कार्य प्रारंभ नहीं किए गए हैं। इसी तरह 2023 के मुख्य प्लान में प्रस्तावित 56 गतिविधियों में महज 2 कार्य है प्रारंभ किए गए हैं। 2024 में 52प्रस्तावित गतिविधियों में से महज 4 कार्य प्रारंभ किए गए हैं। जबकि इस दौरान गैर अनुमत्य कार्यों के नाम पर मनमानी पूर्वक लाखों रुपए का भुगतान किया गया है। 15 वें वित्त से चाय,नाश्ता, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन, टेंट का भुगतान सहित वाहन भाड़ा सहित किसी भी प्रकार से स्थापना व्यय, वेतन मानदेय भुगतान, सहित विद्युत बिल के भुगतान नहीं किए जाने के स्पष्ट निर्देश हैं , इसके बावजूद सचिव द्वारा शासन के निर्देशों की धज्जियां उड़ाई गई हैं।




शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि स्वीकृत कार्यों को प्रारंभ किए जाने से पहले पोर्टल पर फोटो अपलोड किए जाए, जिससे विकास कार्यों का अवलोकन की व्यवस्था पारदर्शी हो लेकिन सक्का ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत पोर्टल में एक ही कार्य की फोटो कई कार्यों में अपलोड कर पारदर्शिता का मजाक बनाया गया है। 15वें वित्त मद से रंगमंच कार्य गैर अनुमत्य है लेकिन स्वच्छता अंतर्गत स्वीकृत वर्क आईडी से रंगमंच के नाम पर लाखों रुपए का भुगतान किया गया है।

### गैर अनुमत्य कार्यों के नाम पर लाखों रुपए का भुगतान

मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय के अपर मुख्य सचिव मनोज श्रीवास्तव द्वारा जनवरी 2022 में 15वें वित्त के क्रियान्वयन हेतु दिशा निर्देश जारी किया गया था, जिसमें आबाद्ध 50 फीसदी एवं अनाबद्ध 50 फीसदी राशि तय कर कार्यों की प्राथमिकता तय की गई थी। गाइडलाइन में उल्लेख है कि स्थापना, वेतन सहित अन्य कार्यों में राशि व्यय नहीं किए जाने के निर्देश है। इसके बावजूद सचिव द्वारा मनमर्जी तरीके से 2021- 22 में कर्मचारियों को 1लाख 39 हजार रूपये का भुगतान, मस्टररोल प्रिंट के नाम पर 56000 हजार रुपए, टेंट के नाम पर 22 हजार, मिट्टी मुरूम आंतरिक मार्ग के नाम पर 55 हजार रुपए, प्रोग्राम के नाम 35 हजार रुपए, किया गया है, इसी तरह 2022- 23 में भवन पुताई, चाय नाश्ता, वाहन भाड़ा, कर्मचारी मानदेय के नाम पर 65000, बगैर सक्षम स्वीकृति के मुर्मिकरण, सोखता गड्ढा सहित अन्य व्यय के नाम पर लाखों रुपए का भुगतान किया गया, जबकि जिन कार्यों के नाम पर भुगतान किया गया उक्त कार्य जीपीडीपी में भी शामिल नहीं है। सूत्रों की माने तो उक्त कार्य सिर्फ कागजों में हो रहे हैं, सचिव, सरपंच भ्रष्टाचार कर अपनी जेबें भर रहे हैं। ग्रामीणों ने नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर बताया कि सचिव चरण परस्ते ग्राम पंचायत सक्का में लंबे समय से पदस्थ हैं, सप्लायरों और चहेते लोगों के खाते में मनमाने कार्यों के नाम राशि भुगतान कर बंदरबांट किया जा रहा है, ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से सचिव चरण परस्ते के कार्यकाल में किए गए भुगतानों की सूक्ष्म जांच कराए जाने की मांग की है।

### इनका कहना है...

चाय नाश्ता और कर्मचारियों का मानदेय भुगतान नियमानुसार किया गया है, भुगतान में कुछ भी गलत नहीं है।
**चरण परस्ते, सचिव ग्राम पंचायत सक्का**

यदि 15वें वित्त की राशि में अनियमितता की गई है तो जांच कराई जाएगी।
**लोकेश नारनोरे, सीईओ जनपद पंचायत अमरपुर**

## मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम का शुभारंभ



**डिंडौरी ।** शासकीय महाविद्यालय शाहपुरा में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत BSW/MSW कक्षाओं का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती एवं स्वदेशी जागरण अभियान पर संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद भोपाल की टास्क मैनेजर श्रीमति प्रियंका दुबे एवं संभाग समन्वयक रवि प्रसाद बर्मन वर्चुअल माध्यम से जुड़े। वहीं जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान, वरिष्ठ समाजसेवी रामलाल रजक, एवं सेवानिवृत्त शिक्षक प्रकाश अग्रवाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं नमन के साथ हुआ। तत्पश्चात अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। MSW छात्रा शोभना झारिया ने "देश हमें देता है सब कुछ, हम भी तो कुछ देना सीखें" गीत प्रस्तुत कर वातावरण को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया।

विकासखंड समन्वयक डॉ. नीलेश्वरी वैश्य ने CMCLDP कोर्स के उद्देश्य, स्वरूप एवं लाभों की जानकारी छात्रों को दी। जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान ने BSW/MSW कोर्स की भूमिका, सामुदायिक नेतृत्व और सहभागिता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। समाजसेवी श्री रामलाल रजक ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन परिचय एवं एकात्म मानव दर्शन पर प्रेरणादायक विचार साझा किए, वहीं सेवानिवृत्त शिक्षक श्री प्रकाश अग्रवाल ने उनके राजनीतिक जीवन और कर्तव्यनिष्ठा के बारे में बताया। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण विषय पर संगोष्ठी भी आयोजित की गई, जिसमें डॉ. नीलेश्वरी वैश्य ने छात्रों को स्वदेशी उत्पादों के उपयोग और आत्मनिर्भर भारत के महत्व पर प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में छात्रों द्वारा स्वदेशी जागरण रैली निकाली गई और "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। सभी छात्रों ने स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन नवांकुर संस्था प्रभारी श्री शंभु विश्वकर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी मेंटर्स, नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि एवं CMCLDP कोर्स के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## गाडासरई पुलिस की बड़ी कार्रवाई: वाहन से अंग्रेजी शराब बरामद, दो गिरफ्तार लेकिन असली सवाल अब भी कायम

**डिंडौरी।** थाना गाडासरई पुलिस ने रविवार देर रात मुखबिर की सूचना पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक चारपहिया वाहन से अवैध रूप से लाई जा रही अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और वाहन समेत 62 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 52 हजार रुपये बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा तथा एसडीओपी सतीश द्विवेदी के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार दमहेड़ी की ओर से एक सफेद वैन (क्रमांक MP52TA0601) में अवैध शराब ले जाने की सूचना गाडासरई पुलिस को मुखबिर से मिली थी। तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने गोरखपुर मार्ग पर नाकाबंदी कर वाहन को रोका और तलाशी के दौरान शराब बरामद की। वाहन में सवार सुरेन्द्र साहू निवासी माधोपुर और शिवम दूबे निवासी गोरखपुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी गिरवर सिंह उइके, उपनिरीक्षक ध्रुव कुमार सिंह और टीम के अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

हालांकि, पुलिस की इस कार्रवाई पर एक बार फिर वही पुराना सवाल उठ खड़ा हुआ है — आखिर नर्मदा किनारे प्रतिबंध के बावजूद स्थानीय क्षेत्रों में खुलेआम बिक रही अवैध शराब पर रोक कब लगेगी? पुलिस को हर बार वहीं लोग मिलते हैं जो सीमावर्ती जिलों से शराब लाकर बेचने की कोशिश करते हैं, लेकिन स्थानीय बिक्री चेन और वह माल जो रोज़ की तरह बाजार में बिक रहा है वह कैसे हर बार नजरों से बच निकलता है?



यह विडंबना नहीं तो और क्या है कि जहां एक ओर पुलिस अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर गांव-गली में शाम ढलते ही नशे का कारोबार बदस्तूर जारी है। लगता है कि मुखबिरों की नजर केवल बाहर से आने वालों पर ही रहती है, जबकि आसपास की गतिविधियाँ शायद पुलिस की नजरबंदी से बाहर हैं। जनता यह जानना चाहती है कि नर्मदा किनारे घोषित शराब मुक्त क्षेत्र में जब इतनी आसानी से अवैध शराब बिक रही है, तो असल में इन अभियानों का उद्देश्य क्या है — सच में शराबबंदी लागू करना या सिर्फ रिकॉर्ड सुधारना?

समय आ गया है कि अभियान सिर्फ बाहरी तस्करों तक सीमित न रह जाए, बल्कि उन पर भी कार्रवाई हो जो वर्षों से स्थानीय तंत्र की छाया में यह गोरखधंधा बेखौफ चला रहे हैं।

## खरीदी केंद्र स्वः मूल्यांकन पोर्टल की दूसरी कार्यशाला आयोजित



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** 12 अक्टूबर 2025 को जिला आपूर्ति अधिकारी श्री के.पी.एस. मरावी, जिला नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक डिंडोरी श्री जे.पी. दिवेदी एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री आकाश तुर्कर के द्वारा उपार्जन केंद्र के ऑपरेटर्स को पीसीएसएपी (खरीदी केंद्र स्वः मूल्यांकन पोर्टल) का प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम हाल डिंडौरी में दिया गया उक्त प्रशिक्षण में खरीदी केंद्र में बायोमेट्रिक डिवाइस, खरीदी केंद्र का बोर्ड-बैनर, आवागमन हेतु पहुंच मार्ग, प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स, शौचालय की सुविधा, इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा तथा विभाग से प्रमाणीकृत मापक यंत्र, एलनिटिंग मशीन, धान की साफ-सफाई हेतु छप्पर, तिरपाल, उपजित धान की सुरक्षा हेतु फेंसिंग, कंप्यूटर हार्डवेयर, इंटरनेट, प्रिंटर, किसानों के बैठने की व्यवस्था, पेपरवेट, शेड आदि सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में भारत सरकार के पीसीएसएपी पोर्टल में इन सभी 16 सुविधाओं के फोटोग्राफ अपलोड करने की ऑनलाइन प्रक्रिया के विषय में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला का संचालन जिला आपूर्ति अधिकारी के.पी.एस. मरावी के मार्गदर्शन में किया गया।



## कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया का ग्राम रोजगार सहायक संगठन द्वारा स्वागत

**डिंडौरी ।** सोमवार को ग्राम रोजगार सहायक संगठन, डिंडोरी द्वारा नवागत कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया का स्वागत किया गया। साथ ही साथ ग्राम रोजगार सहायकों ने अपनी समस्याएं रखीं जिस पर कलेक्टर ने निराकरण करने को कहा। उन्होंने ग्राम रोजगार सहायकों को निर्देशित किया कि आगामी दिनों में मनरेगा एवं अन्य योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, जिससे विकास कार्य धरातल पर अधिक प्रभावी रूप से दिखाई दे । स्वागत के दौरान जिलाध्यक्ष चेतेंद्र कुलस्ते, उपाध्यक्ष गयादीन यादव, ब्लॉक अध्यक्ष शहपुरा अरुण राय, भीकम राजपूत, हेमंत राजपूत, अनिल यादव करंजिया, कुलदीप कुलेश, धनेश मसराम मेंहदवानी, संगठन प्रभारी अखिलेश मिश्रा सहित ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

## गोपालपुर मंडल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन सम्पन्न, शताब्दी वर्ष पर हुआ भव्य आयोजन

गोपालपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में गोपालपुर मंडल द्वारा एक भव्य मंडल एकत्रीकरण एवं पथ संचलन का आयोजन किया गया। यह संचलन गोपालपुर खेल मैदान से प्रारंभ होकर ग्राम भ्रमण करते हुए सम्पन्न हुआ। संचलन के दौरान ग्रामवासियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता दिखाई, वहीं मातृशक्ति द्वारा स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। संचलन के समापन अवसर पर आयोजित सभा में जिला कार्यवाह श्री पंकज चंदेल ने मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित किया।



अपने उद्बोधन में उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष के दौरान मनाए जाने वाले छह उत्सवों की जानकारी दी और 'पंच परिवर्तन' की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्वयंसेवक के मन में 'स्वा' का भाव जागृत होना चाहिए, समाज में समरसता स्थापित हो तथा नागरिक अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहें। इस अवसर पर खंड कार्यवाह गोल्डी सारीवान, खंड शारीरिक प्रमुख अमित पड़वार, खंड व्यवस्था प्रमुख संदीप ठाकुर सहित मंडल के समस्त स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## कोदो कुटकी के पंजीयन एवं खरीदी हेतु जागरूकता रथ को कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी



**डिंडौरी ।** जिले में कोदो-कुटकी के पंजीयन एवं खरीदी के संबंध में किसानों को जागरूक करने हेतु कलेक्टर परिसर डिंडोरी से कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के सभी 07 विकासखंडों में भ्रमण कर किसानों को कोदो-कुटकी के पंजीयन और खरीदी की प्रक्रिया की जानकारी देगा। इस वर्ष ई-उपार्जन पोर्टल पर कोदो-कुटकी का उचित मूल्य पर श्री अन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत श्री अन्न फेडरेशन द्वारा क्रय किया जाएगा। फेडरेशन द्वारा कोदो का समर्थन मूल्य 2500 प्रति क्विंटल तथा कुटकी का 3500 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। साथ ही प्रति क्विंटल 1000 का अतिरिक्त प्रोत्साहन/बोनस भी दिया जाएगा। किसानों के लिए पंजीयन अनिवार्य है, जो दिनांक 10 अक्टूबर 2025 से 24 अक्टूबर 2025 तक कराया जा सकेगा। जिले के 27 सहकारी समितियों में निःशुल्क पंजीयन की व्यवस्था की गई है। पंजीकृत किसानों से 1 नवंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक खरीदी की जाएगी। इस अवसर पर मिशन मिलेट परियोजना निवास एवं **WHH** संस्था तथा कृषि कल्याण एवं कृषि विकास विभाग डिंडोरी के सहयोग से कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर जेपी यादव, एसडीएम डिंडोरी सुश्री भारती मेरावी, डीडीए सुश्री अभिलाषा चौरसिया सहित संस्था निवास से पंकज सिंह, ज्ञानप्रकाश, रेखा पंद्राम सहित अन्य अधिकारी, स्टाफ एवं किसान उपस्थित रहे।

## कार्डियो-पल्मोनरी रिसटेशन (CPR) जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ



**डिंडौरी ।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डिंडोरी के मार्गदर्शन में सोमवार को जिला चिकित्सालय डिंडोरी में कार्डियो-पल्मोनरी रिसटेशन जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन को सीपीआर के महत्व से अवगत कराना एवं आकस्मिक परिस्थितियों में जीवनरक्षक सहायता देने के लिए प्रशिक्षित करना है। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकों ने बताया कि सीपीआर एक जीवनरक्षक तकनीक है, जिसके माध्यम से हृदयगति रुकने की स्थिति में व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। सीपीआर में "30 बार छाती पर दबाव और 2 बार साँस देना" (30:2 अनुपात) का अभ्यास कराया गया। साथ ही, डीआरएस एबीसीडीके चरणों खतरा, प्रतिक्रिया, सहायता, वायुमार्ग, साँस लेना, सीपीआर, डिफाइब्रिलेटर की विस्तृत जानकारी दी गई। जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों की स्वास्थ्य जांच की जाएगी तथा उन्हें "सीपीआर के दो मिनट" की प्रक्रिया से जागरूक किया जाएगा ताकि वे आपात स्थिति में तुरंत प्राथमिक सहायता प्रदान करने में सक्षम बन सकें कार्यक्रम में सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. अजय राज, डॉ. अरुणेंद्र गौतम, डॉ. जयश्री मरावी, जिला अधिकारी द्वितीय, हॉस्पिटल मैनेजर योगेंद्र गौतम, जिला कार्यक्रम प्रबंधक दिलीप कछवाहा, जिला समन्वयक ओम प्रकाश उरैती सहित समस्त स्वास्थ्य अमला उपस्थित रहा।

## समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए कड़े निर्देश

**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले में संचालित योजनाओं, सीएम हेल्पलाइन, समय-सीमा प्रकरणों तथा विकास कार्यों की विभागीय एवं जनपदवार समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, अपर कलेक्टर जे. पी. यादव, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम बजाग श्री रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक एवं अक्षय डिगरसे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की प्रगति की समीक्षा करते हुए स्पष्ट कहा कि जिन जनपदों में शिकायतों के निराकरण में लापरवाही सामने आई है, उन्हें तत्काल सुधार लाना होगा। उन्होंने शिकायतों के त्वरित और संतोषजनक समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बैठक में छात्रवृत्ति, नल-जल मिशन, राजस्व, ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) और सामुदायिक स्वच्छता परिसर निर्माण से संबंधित योजनाओं की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने "एक बगिया माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत पौधरोपण, सार्वजनिक सरोवर निर्माण, वृक्षारोपण, गौशाला संचालन एवं मनरेगा के अंतर्गत निर्माण कार्यों को तेज गति से पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिक से अधिक हितग्राहियों को रोजगार उपलब्ध कराया जाए। कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

पंचायतों में अटल ग्राम सुशासन भवन निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने बताया कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंचों को आगामी गणतंत्र दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 के विभागीय निर्माण कार्यों की समीक्षा में उन्होंने छात्रवृत्ति और सहायता राशि के वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त रुख अपनाने की चेतावनी दी। प्रधानमंत्री आवास योजना और आवास प्लस के प्रकरणों की समीक्षा में कलेक्टर ने निर्माण कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिले को कुल 16,098 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिनमें से 15,009 आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं। डिंडौरी जनपद में 4,335 में से 4,204 आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिससे जिले की औसत स्वीकृति दर 93.24 प्रतिशत रही।

खाद्य विभाग की समीक्षा में बताया गया कि जिले में 1,26,431 एनएफएसए पात्र सदस्य हैं, जिनमें से 1,14,705 का ई-केवाईसी पूर्ण हो चुका है। जिले की औसत ई-केवाईसी दर 91 प्रतिशत है, जिसमें अमरपुर, डिंडौरी, बजाग एवं करंजिया क्षेत्र सर्वाधिक प्रगति पर हैं। कृषि विभाग ने जानकारी दी कि रिपर, पावर टिलर, मिनी ड्रिप स्प्रिंकलर जैसे यंत्रों का वितरण किया जा रहा है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत 125 हेक्टेयर में उच्च मूल्य फसलों का उत्पादन किया जा रहा है, जबकि परंपरागत कृषि विकास योजना में 2,151 किसान जुड़े हैं और 2,000 हेक्टेयर क्षेत्र में जैविक खेती की जा रही है। जिले के 75 अनुसूचित जनजाति छात्रावासों में 4,116 विद्यार्थी एवं 10 अनुसूचित जाति छात्रावासों में 248 विद्यार्थी निवासरत हैं। वर्ष 2021-22 में स्वीकृत चार वाटरशेड परियोजनाओं के अंतर्गत लगभग 25,715 हेक्टेयर क्षेत्र में 5,657.30 लाख रुपये की लागत से कार्य स्वीकृत किए गए हैं। कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने सभी विभाग प्रमुखों को समय-सीमा प्रकरणों के निराकरण और विभागीय कार्यों की प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखने पर विशेष बल दिया।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक सम्पन्न

## मिष्ठान भंडार की जांच के दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबल योजना, छात्रवृत्ति, छात्रावास, एक बगिया- मां के नाम, समग्र ई- केवायसी, सीएम हेल्पलाइन आदि की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में दीपावली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को मिष्ठान भंडार का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि निरीक्षण के दौरान मिष्ठानों और खाद्य पदार्थों का सैंपल लिया जाए और सैंपल की जांच की जाए।



### अधिकारियों को दिए निर्देश

कलेक्टर ने संबल योजना के अंतर्गत पंजीयन और अनुग्रह सहायता के लिए अपील प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को मिलने वाली छात्रवृत्ति के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए वर्ष 2022- 23 एवं वर्ष 2023- 24 के लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर ने अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए आवास सहायता के प्रकरणों के निराकरण करने के निर्देश भी बैठक में दिए। छात्रावास की समीक्षा के दौरान पाया गया कि जिले में कुल क्षमता के विरूद्ध 81.01 प्रतिशत सीटें भरी जा चुकी हैं। इस पर




कलेक्टर ने छात्रावास में शेष रिक्त सीटों को भरने के निर्देश दिए। उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की।

### गंगोत्री हरित योजना की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने किसानों की फार्मर रजिस्ट्री, पीएम किसान योजना के तहत ई-केवायसी, एनपीसीआई एवं खाता लिंक की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों को समय सीमा में पूर्ण किया जाए। जिले में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत संचालित एक बगिया- मां के नाम के कार्य की प्रगति की समीक्षा की। करेली एवं नरसिंहपुर ब्लॉक के अंतर्गत कम प्रगति पाई गई, जिस पर उन्होंने प्रगति को बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर ने जिले में नर्मदा परिक्रमा पथ, गंगोत्री हरित योजना की प्रगति की भी समीक्षा की।

### सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा

समग्र ई-केवायसी की प्रगति के समीक्षा के दौरान उन्होंने निम्न प्रदर्शन करने वाले निकाय को प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को नियमानुसार निराकृत किया जाए। शिकायतकर्ता की संतुष्टि के बाद ही उक्त शिकायत को बंद किया जाए। कलेक्टर ने हाई कोर्ट के लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हाई कोर्ट के लंबित प्रकरणों का जवाब तय समय सीमा में प्रस्तुत करें।

## खबर संक्षेप

### गोटेगांव विधायक ने मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष की मुलाकात



**गोटेगांव** विधानसभा के भाजपा विधायक महेंद्र नागेश ने भोपाल प्रवास के दौरान वल्लभ भवन में प्रदेश के मुख्यमंत्री डाक्टर मोहन यादव से एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से सौजन्य भेंट की इस अवसर पर विधायक महेंद्र नागेश ने प्रदेश के विकास,संगठन की गतिविधियों एवं जनहित से जुड़ी योजनाओं पर चर्चा की। वहीं विधायक महेंद्र नागेश ने कहा हमेशा मुझे मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष का मार्गदर्शन सदैव प्रेरणादायी रहता है,जो जनसेवा और संगठन कार्यों को नई ऊर्जा प्रदान करता है।

### विपिन पाण्डेय बने राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के जिला अध्यक्ष



**नरसिंहपुर।** राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन, नई दिल्ली ने अपने संविधान में निहित शक्तियों का उपयोग करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पटेल द्वारा, संभागीय अध्यक्ष डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव (जबलपुर संभाग) की विशेष अनुशंसा पर विपिन पाण्डेय को संगठन का जिला अध्यक्ष, नरसिंहपुर के पद पर मनोनीत किया है। विपिन की इस नियुक्ति पर उनके परिजनों, मित्रगणों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य, निरंतर सफलता एवं समाज सेवा में नए आयाम छूने की शुभकामनाएँ दीं।

# अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर क्रिकेट मैच का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** खेल गतिविधि क्रिकेट मैच के द्वारा दिया बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं सशक्तिकरण का संदेश तथा अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत कॉलेज में अध्ययनरत छात्राओं को खेल गतिविधियों से जोड़ने एवं उनकी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीनियर बालिका टीम एवं जूनियर बालिका टीम के बीच फाईनल मैच का आयोजन स्थान महिला महाविद्यालय के पीछे स्थित ग्राउंड पर किया गया। जूनियर बालिका टीम की कप्तान सुश्री पूजा नौरिया ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। सीनियर बालिका टीम ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट खोकर कुल 53 रन बनाए, जिसमें रश्मि कुर्मी द्वारा सर्वाधिक 23 रन बनाए गए। सीनियर टीम की कप्तान मुस्कान जाटव ने कुल 12 रन बनाए। जवाब में बैटिंग करने उतरी जूनियर बालिका टीम कुल 10 ओवर में 9 विकेट खोकर 51 रन बना सकी। जूनियर बालिका टीम में सर्वाधिक रन अंजली दीक्षित द्वारा 17 रन बनाए गए । इस तरह काफी रोमांचक मैच में सीनियर बालिका टीम ने 2 रन से लास्ट बोल पर मैच जीता। इस आयोजन में राधेश्याम वर्मा जिला कार्यक्रम अधिकारी



महिला एवं बाल विकास जिला नरसिंहपुर, श्रीमती पुष्पा मदकोरिया परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास नरसिंहपुर एवं सुश्री अंशुल खरे सहायक प्रधान अध्यापक प्रोफेसर महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर द्वारा सभी छात्राओं से परिचय प्राप्त किया गया। पुरस्कार स्वरूप जूनियर टीम को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मोनो मुद्रित किये हुए सिल्वर मेडल व सीनियर बालिका टीम को गोल्डन मेडल प्रदान किये गये। सीनियर बालिका टीम से छात्रा सुश्री रश्मि कुर्मी को मेन ऑफ द मैच दिया गया एवं बेहतर प्रदर्शन पर जूनियर टीम की छात्रा सुश्री अंजली दीक्षित को पुरस्कृत किया गया। सीनियर टीम की कप्तान को प्रथम पुरस्कार से व जूनियर टीम की कप्तान को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विभाग से उपस्थित श्री सौनिध य सराठे बाल संरक्षण अधिकारी, आशीष विश्वकर्मा सामाजिक कार्यकर्ता, अंकुर नेमा आउटरीच वर्कर एवं अमित उमरे द्वारा पूरे आयोजन में विशेष सहयोग एवं समन्वय प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत संचालित महिला सशक्त वाहिनी कक्षा की छात्राओं ने पार्टिसिपेट किया। उक्त छात्राओं को निःशुल्क पुलिस भर्ती की तैयारी कराई जा रही है साथ ही निःशुल्क स्टेशनरी आदि भी उपलब्ध कराई जा रही है जिससे कि अधिक से अधिक बालिकाओं का चयन शासन के विभिन्न विभागों में हो सके।

# नेमा समाज द्वारा मनाई गई निमी महाराज की जयंती

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस नेमा समाज द्वारा अपने आराध्य देव व आदिकुल जन्मदाता श्री निमी जी महाराज की जयंती गरिमामयी माहौल में मनाई गई। विगत दिवस आयोजित इस कार्यक्रम में प्रातः काल में सभी स्वजातीयजन नरसिंह मंदिर परिसर में एकत्रित हुए, यहां पर भगवान श्री नरसिंह जी का विधिवत पूजन अर्चन किया गया। नरसिंह मंदिर परिसर से समाज के वरिष्ठ सदस्य कैलाश चंद्र नेमा द्वारा सभी उपस्थितजनों का तिलकवंदन कर व भगवा वस्त्रपट्टिका पहनाकर नेमाशक्ति वाहन रैली का शुभारंभ किया गया। रैली में विशेष रूप से समाज की मातृशक्तियों की उत्साहजनक उपस्थिति उल्लेखनीय रही। संध्याकालीन बेला में नगर के स्वामी विवेकानन्द महाविद्यालय के सभागार में समाज के अध्यक्ष




एडवोकेट रामगोपाल नेमा की अध्यक्षता में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का गरिमामय आयोजन किया गया। जिसमे समाज के नन्हे बालक बालिकाओं द्वारा फैंसी ड्रेस, भजन व गीत गायन, वादन, कविता एवम नृत्यों के माध्यम से धार्मिक, भक्तिभाव, राष्ट्रभक्ति और संस्कारों से सुसज्जित सामाजिक समरसता के भाव प्रकट किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मातृशक्तियों ने भी उल्लेखनीय भूमिका निभाई और कृष्ण-यशोदा संवाद एवम सुदामा चरित्र लघु नाटिका का बहुत सुंदर मंचन किया। तत्पश्चात कार्यक्रमों में सहभागिता देने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मातृशक्तियों द्वारा सामूहिक गरबा महारास की प्रस्तुति व प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर नेमा समाज के भवन निर्माण संबंधी कार्ययोजना की दिशा में सकारात्मक रूप से आगे बढ़ने का एकमतेन व सामूहिक संकल्प लिया गया। इस अवसर पर नेमा समाज के वरिष्ठजनों, मातृशक्ति व युवा जनों सहित सभी ज्येष्ठ-श्रेष्ठजनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

## याद किए गए गायक किशोर कुमार



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सुप्रसिद्ध गायक किशोर कुमार की पुण्यतिथि पर स्वरांजली कार्यक्रम का आयोजन आनंदम म्यूजिकल ग्रुप नरसिंहपुर के द्वारा अभिनंदन गार्डन में उनके गीतों को गाकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पूजन अर्चना कर किशोर दा को पुष्प समर्पित कर किया। अनिल नेमा के द्वारा किशोर दा के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद आनंदम म्यूजिकल ग्रुप के सुभाष सराठे ,माधव शेन्द्री, भागीरथ विश्वकर्मा, मुकेश शर्मा, विकास नेमा, विश्वनाथ ठाकुर, मनीषा धुर्वे, राजमणि विश्वकर्मा आदि ने किशोर दा को स्वरांजली कार्यक्रम के माध्यम से श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम का संचालन विश्वनाथ ठाकुर व आभार भागीरथ विश्वकर्मा ने किया

# राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट

## छात्रवृत्ति चयन परीक्षा आयोजित



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संकुल में राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें 227 छात्र छात्राओं में से 219 छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।इस परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को कक्षा नवमी दसवीं और ग्यारहवीं बारहवीं तक प्रति वर्ष 12 हजार रुपए साल छात्रवृत्ति मिला करती है। परीक्षा संपन्न कराने में प्राचार्य श्रीमती रश्मि शर्मा अशोक रघुवंशी प्रवेश पटेल तथा समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## पिच्छिका परिवर्तन समारोह 23 को

**तेंदूखेड़ा** तेंदूखेड़ा में वर्षायोग के दौरान विराजमान आर्यिका सिद्धांत मति माता जी पुनीत मति माता जी एवं विनय मति माता जी का पिच्छिका परिवर्तन समारोह आगामी 23 अक्टूबर को दोपहर साढ़े बारह बजे से कलश गार्डन परिसर में आयोजित किया गया है इस मौके पर वाणी भूषण विनय भैया पं कमल शास्त्री प्रमुख रुप से उपस्थित रहेंगे।

# कलेक्टर ने किया विभिन्न ग्रामों का औचक निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने सोमवार को जनपद पंचायत गोटेगांव के अंतर्गत आने वाले ग्राम रामनिवारी, बगासपुर, श्रीनगर, इमलिया- कमती और सूरवारी का निरीक्षण किया। उन्होंने प्राथमिक शाला, आंगनबाड़ी केन्द्र, शासकीय हाईस्कूल, आदिम जाति सहकारी समिति मर्यादित, शासकीय उचित मूल्य दुकान, सेवा सहकारी समिति मर्यादित इमलिया, शासकीय उचित मूल्य दुकान और बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति का निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का भी औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने ग्राम रामनिवारी में शासकीय प्राथमिक शाला व आंगनबाड़ी और शासकीय हाई स्कूल बगासपुर का निरीक्षण कियाकलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने ग्राम रामनिवारी में शासकीय प्राथमिक शाला और



आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने शासकीय प्राथमिक शाला में शिक्षा स्तर में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों को समय पर पोषणयुक्त भोजन प्रदान करने और निर्धारित समय पर आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केन्द्र में पानी का भराव होने की समस्या बताए जाने पर कलेक्टर ने जनपद सीईओ को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## माता पिता सम्मान समारोह 21 को

**तेंदूखेड़ा** श्रद्धा संस्कार का एक अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करते हुए दिगम्बर जैन मंदिर परिसर में आर्यिका सिद्धांत मति माता जी पुनीत मति माता जी तथा विनयमति माता जी के सानिध्य में भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण महोत्सव के पावन अवसर पर चिन्मय सागर सभागार में यह आयोजन किया जा रहा है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार दीपावली के अवसर पर बहुत से छात्र छात्राएं जो विभिन्न सेवाओं में पदस्थ हैं।घर वापस आयेंगे। उनके द्वारा अपने माता-पिता जिन्होंने बच्चों को इस लायक बनाया उनके द्वारा समारोह पूर्वक यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई है।

# खेल की विधा जन्म से आती है जालम सिंह




**गोटेगांव।** सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोटेगांव के द्वितीय दिवस पर अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता बहन 14 17 19 वर्ग समूह के द्वितीय दिवस की मुख्य अतिथि जालम सिंह पटेलपूर्व राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन समाजसेबी ध्रुव पचौरी पूर्व जनपद अध्यक्ष संतोष दुबे जिला भाजपा उपाध्यक्ष निधान सिंह पटेल समाज सेवी यश खरया शुभ श्री साइंस क्लास के संचालक गणेश चक्रवर्ती भारत विकास परिषद के अध्यक्ष गोविंद सिंह पटेल राजेश पटेल पोनिया वाले सुधा श्री विद्यालय के संचालक नरेश बरुआ उमाशंकर छिरा की उपस्थिति में अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल ने बाल प्रतिभागियों से मैदान में परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साह वर्धन किया।

जालम सिंह पटेल ने अपने उद्बोधन में संबोधित करते हुए कहा खेल यह विधा है वह जन्म से आती है उन्होंने मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन की ओर से सभी खिलाड़ियों को स्पोर्ट शिक्षकों को किट प्रदान की

सरस्वती शिक्षा परिषद के कोषाध्यक्ष विष्णु कांत जी ठाकुर मंडल भाजपा जिला जबलपुर के पुष्पराज सिंह ठाकुर डॉ आशीष ठाकुर कमल पटेल किसान संघ के जिला मंत्री चौ अभिषेक पटेल तहसील के अध्यक्ष मंत्री यशवंत पटेल अतुल नेमा विवेक जैन आदि की उपस्थिति रही

दक्षिण क्षेत्र बिहार पूर्व उप पश्चिमी यूपी बिहार उत्तर क्षेत्र पश्चिमी यूपी दक्षिण दक्षिण क्षेत्र के बीच सेमीफाइनल मैच खेले गए जिनका परिचय प्राप्त किया इस अवसर पर संस्था के व्यवस्थापक राजकुमार जैन संयोजक खेल प्रतियोगिता कुलदीप राज क्षेत्रीय संयोजक भास्कर बरनेटकर प्रधानाचार्य नर्मदा प्रसाद गुप्ता रामसिया मिश्रा जी के द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया

# सरस्वती विद्यालय विद्यार्थी के सर्वोन्मुखी विकास के केंद्र-उदयप्रताप सिंह



## प्रांतीय संस्कृति महोत्सव, गणित व विज्ञान मेला में पहुंचे शिक्षामंत्री

**करेली।** यह गौरव का विषय है कि सरस्वती विद्यालय के विद्यार्थी आज देश के संचालन में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। सरस्वती विद्यालय विद्यार्थी के सर्वोन्मुखी विकास का केंद्र रहे हैं, यह अभियान है। करेली के सरस्वती विद्यालय को पुनः संवारने की जरूरत है, इसके लिए हम सभी संयुक्त प्रयास करेंगे। शिक्षामंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि सिर्फ शिक्षा के आधार पर आप श्रेष्ठ बने यह बाध्यता समाप्त हो चुकी है, अब आप अपने टैलेंट के आधार पर भी श्रेष्ठ हो सकते हैं। बच्चे जो सपने देखें, उन्हें पूरे परिश्रम से पूर्ण किए जाने प्रयत्न करें। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो नई शिक्षा नीति लाई जा रही है, उसमें देश के शिक्षा क्षेत्र में व्यापक बदलाव होगा। बच्चे संकल्प लें कि मुझे यह बनना है तो उन्हें उस लक्ष्य तक पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता। सभी बच्चों का यशस्वी जीवन हो, यह कामना करता हूं। विद्या भारती महाकौशल प्रांत, केशव शिक्षा समिति मध्यप्रदेश के अंतर्गत, माधव ग्राम भारती जिला नरसिंहपुर द्वारा सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसखेड़ा करेली में आयोजित प्रांतीय संस्कृति महोत्सव एवं गणित व विज्ञान मेला 2025-2026 में शनिवार दोपहर मध्य प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उकताशय के विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर केशव शिक्षा समिति के प्रादेशिक सचिव ईश्वरदास पटेल, प्रांत प्रमुख ठाकुर अरविंद सिंह, भाजपा जिला महामंत्री ठाकुर राजीव सिंह मंचासीन रहे। प्रारंभ में मंत्री श्री सिंह द्वारा सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आयोजन समिति द्वारा कैबिनेट मंत्री श्री सिंह का तिलक, अंगवस्त्र से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

# आइसक्रीम पार्लर में लगी आग



**गोटेगांव। बड़ा पुल के समीप मेन रोड पर उस समय अफ़रा-तफ़री मंच गई। जब अचानक ही एक आइसक्रीम फ्रूट पार्लर में आग लग गई। श्रीनाथ आईसक्रीम पार्लर एवं फलाहारी सेंटर मे आग लगते ही आसपास के दुकानदार भी घबरा गये।आग लगते ही घना काला धुआं पूरे इलाके में फैल गया, जिससे राहगीरों एवं आसपास के निवासियों में दहशत का माहौल बन गया।**

जानकारी अनुसार दुकान में बिजली का स्विच ऑन करते समय शाट सर्किट के चलते पहले कूलर में आग लगी और वहीं से गैस सिलेंडर ने आग पकड़ ली। कुछ ही सेकंड में गैस सिलेंडर से भभकी आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी विकराल हो गई की बगल में स्थित लॉरेक्स टेलर्स की दुकान में भी आग पहुंच गई और वहां रखी सिलाई मशीन सहित बड़ी संख्या में कपड़े भी जल गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग बुझाने के प्रयास शुरू किए और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। आग लगने से आइसक्रीम पार्लर में रखी कुर्सियां,फ्रीजर, फर्नीचर एवं अन्य सामान भी जल गया । अक्सर देखा जा रहा है कि गोटेगांव नगर की अनेक होटल एवं जलपान गृह में घरेलू गैस सिलेंडरों का भरपूर नाजायज उपयोग किया जा रहा है। बगैर किसी सुरक्षा उपाय के कहीं किसी छोटी-छोटी जगह पर या फिर कहीं तो बिल्कुल दुकानों के सामने ही खुलेआम इन घरेलू गैस सिलेंडरों का अनाधिकृत उपयोग किया जा रहा है। व्यावसायिक सिलेंडर कुछ ही होटल में केवल दिखाने के तौर पर रखे जा रहे हैं।

लेकिन सच्चाई यह है कि होटल में घरेलू गैस सिलेंडर का ही उपयोग किया जा रहा है और शासन को भी बड़े पैमाने पर राजस्व क्षति पहुंचाई जा रही है। क्योंकि व्यावसायिक सिलेंडर और घरेलू सिलेंडरों के रेट में अंतर होता है। महज चंद्र रूपए के लालच में अनेक होटल संचालक घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग करते रहे हैं। रही बात गोटेगांव में खाद्य अधिकारियों की या अन्य जिम्मेदारों की, तो सभी को सब कुछ मालूम है इसके बावजूद भी निगरानी का सर्वथा अभाव है,क्योंकि कहीं ना कहीं सभी के संबंध कार्यवाही करने में आडे आ रहे हैं। प्रशासन की यह सोची समझी अनदेखी किसी न किसी दिन नगर वासियों पर भारी पड़ सकती है।लोगों ने अपेक्षा की है कि गोटेगांव नगर में प्रशासन इस मामले में कड़ी कार्रवाई करें।